# स्पेशल टास्क फोर्स, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

## प्रेस नोट संख्याः 124, दिनांक 25–04–2024

**MAHADEV BOOK एवं अन्य Gaming/ Betting App के माध्यम से अरबों रूपये की ठगी करने वाले संगठित गिरोह के INDIA HEAD सहित 02 अभियुक्त गिरफ्तार।**

दिनांकः 25–04–2024 को एस0टी0एफ0, उत्तर प्रदेश को Mahadev book एवं अन्य Gaming/ Betting App के माध्यम से अरबों रूपये की ठगी करने में (whatsapp/telegram group) में प्रयोग होने वाले कार्पोरेट सिम 32 फर्जी कम्पनियों के नाम से पोर्ट कराकर लगभग 4000 सिमकार्ड दुबई भेजने वाले **INDIA HEAD** सहित 02 अभियुक्तों को लखनऊ से गिरफ्तार कर भारी मात्रा में कार्पोरेट सिम बरामद करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण</u>:–**

1– अभय सिंह पुत्र श्री विजय सिंह, निवासी ग्राम–सौनालक्षमण, थाना गौरी बाजार, जनपद देवरिया (**India Head** )

2– संजीव सिंह पुत्र अनिरूद्व सिंह, निवासी ग्राम जगत माझा, पोस्ट करौता, थाना इकौना, जनपद देवरिया।

**<u>बरामदगी</u>–**

1. 04 अदद मोबाइल फोन।
2. 02 अदद पैनकार्ड।
3. 02 अदद आधार कार्ड।
4. 01 अदद डीएल।
5. 01 अदद ग्रांड विटारा कार नम्बर–UP 52 BW- 8888
6. **276 अदद विभिन्न कम्पनियों के सिम (वीआई– 138 एयरटेल– 138)**
7. 01 अदद ब्रेसलेट पीलीधातु।
8. 01 अदद चेन पीलीधातु।
9. कूटरचित दस्तावेज भारीमात्रा में।
10. नगद रू0 11,620/– (ग्यारह हजार छ सौ बीस मात्र।)

**<u>गिरफ्तारी का दिनांक, स्थान व समयः</u>–** दिनांकः 25–04–2024 **स्थानः** समिट बिल्डिंग के अपोजिट तरफ सनआई हास्पिटल के पास शहीदपथ के सर्विस लेन थाना क्षेत्र विभूतिखण्ड लखनऊ समयः 16:45 बजे ।

एस0टी0एफ0, उत्तर प्रदेश को विगत काफी समय से गेमिंग एप के माध्यम से टेलीग्राम व व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर क्रिकेट, फुटबॉल, टेनिस, हॉर्स राइडिंग, इलेक्शन आदि पर अवैध तरीके से आनलाइन बेटिंग कसीनो, तीन पत्ती, कैरम, लूडो आदि गेम खिलाकर ठगी करने वाले संगठित गिरोहों के सक्रिय होने की सूचनाएं प्राप्त हो रही थी। इस सम्बन्ध में एसटीएफ उ0प्र0 की विभिन्न टीमों/इकाईयों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके क्रम में श्री विशाल विक्रम सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक, एस0टी0एफ0, उ0प्र0 के पर्यवेक्षण

मे एस0टी0एफ0 मुख्यालय स्थित साइबर टीम द्वारा अभिसूचना संकलन की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी तथा अभिसचूना तन्त्र को सक्रिय किया गया।

एसटीएफ टीम द्वारा निरीक्षक श्री संजय सिंह के नेतृत्व में उपरोक्त प्रकरण पर तकनीकी विशेषज्ञता एवं मुखबिर के माध्यम से सूचना संकलित करते हुए आज दिनांक 25–04–2024 को समय करीब 16:45 बजे उपरोक्त संगठित गिरोह के India Head सहित 02 अभियुक्तों को थाना क्षेत्र विभूतिखंड लखनऊ से गिरफ्तार किया गया, जिनसे उपरोक्त बरामदगी हुई।

पूछताछ मे अभय सिंह ने बताया कि मैने वर्ष 2021 में इंटरमीडिएट पास किया है। मेरी बुआ का लड़का अभिषेक सिंह दुबई में रहता है। वर्ष 2021 में अभिषेक ने फोन कर बताया कि अपने क्षेत्र से गरीब अनपढ़ लोगों के नाम से सिम खरीदना है महीने की रू 25,000/ सैलरी व रू 500 प्रति सिम मिलेगा, सिम एक कंपनी से दूसरी कंपनी में पोर्ट करना है। इसके बाद मैं अपने गांव के आसपास के लोगों के नाम सिम पोर्ट कराने का काम शुरू किया, जिसका यूपीसी कोड चेतन जोशी निवासी भिलाई छत्तीसगढ जो दुबई में अभिषेक के साथ काम करता है, भेजता था। मै एक महीने में लगभग 30 से 35 सिम एक्टीवेट कराकर पिंटू उर्फ शुभम सोनी निवासी भिलाई दुर्ग छत्तीसगढ जो अभिषेक के ही साथ दुबई में काम करता है, के कहने पर दुबई भेजने लगा। जनवरी 2023 में मेरी सैलरी रू 75,000/ कर दी गई व मुझे कॉर्पोरेट सिम पोर्ट का काम दिया गया। यह पोस्टपेड सिम होती थी इन सिम की केवाईसी के लिए मैने कूटरचित दस्तावेज बनाकर फर्जी कम्पनी रजिस्टर्ड कराना शुरू कर दिया व चेतन भी कुछ कंपनी के दस्तावेज व फर्जी आधार कार्ड भेजता था इन सिम के एक्टीवेशन पर रू 2000/प्रति सिम कमीशन मिलने लगा, इन सब कामों का सुपरवीजन पिंटू करता था महीने में 150–200 सिम ऐक्टिवेट कराकर दुबई भेजने लगा। फरवरी 2024 से कार्पोरेट सिम लेने पर कंपनी के साथ–साथ एम्पलाई के नाम का भी वेरिफिकेशन केवाईसी होने लगी जो लिंक के माध्यम से होती है। एक व्यक्ति के नाम 5 से 6 सिम एक बार में एक्टिव करा लेता हूॅ। मैने वर्ष **2021 से अब तक 32 से अधिक फर्जी कंपनियों के नाम से लगभग 4000 कॉर्पोरेट सिम खरीद कर दुबई भिजवाया है, जिनका प्रयोग व्हाट्सएप/टेलीग्राम एकाउंट बनाने के लिए किया गया है।** मैंने अब तक गोरखपुर, वाराणसी, प्रयागराज, जयपुर, पुणे, मुंबई, उड़ीसा आदि जगहों से फर्जी तरीके से सिम पोर्ट/एक्टिवेट कराकर खरीदी हैं। इन मोबाइल नंबरों से हम लोग जो व्हाट्सएप या टेलीग्राम एक्टिवेट करते हैं उनका ग्रुप बनाकर ठगी का काम करते हैं। मेरा बैंक एकाउंट साइबर सेल मुंबई ने फ्रीज कराया है। इसके अतिरिक्त मेरे विरुद्ध थाना कोतवाली नगर जनपद बलिया में मु0अ0स0 45/2023 पंजीकृत हुआ है। **ईडी द्वारा महादेव बुक पर कार्रवाई करने के बाद इस समय रेड्डी अन्ना बुक, फेयर प्ले, लोटस365, मैजिकविन, गोल्डन444, दमन बुक, विनबज्ज व आईपीएलविन365,** आदि नाम से हम लोगों द्वारा कई Gaming/ Betting App चलाये जा रहे हैं। इन एप की हम लोगों द्वारा फ्रेंचाइजी पूरे देश में दी जाती है जो भी हमारी ब्रांच चलाते है ठगी से आये रूपये में से 80 प्रतिशत सौरभ चंद्राकर व पिंटू जो महादेव बुक एप के प्रमोटर है, के द्वारा संचालित भारतीय खातों में ट्रांसफर करते है। महादेव बुक एप के माध्यम से किये गये घोटाले की जांच विभिन्न एजेंसियों द्वारा की जा रही है। हमारी उपरोक्त कम्पनियों में काम करने के लिए लगभग 10000–12000 कर्मचारी भारत से दुबई गए हुए हैं जो गेमिंग एप के बैंक एकाउंट,

व्हाट्सएप / टेलीग्राम एकाउंट व अन्य सर्विस देखते हैं। इस समय आईपीएल चल रहा है जिसमें प्रतिदिन भारत से लाखों लोग, हम लोगों द्वारा बनाये गये टेलीग्राम व व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से हजारों करोड रुपए का अवैध सट्टा लगाते है। उपरोक्त कम्पनियों का सोशलमीडिया पर प्रमोशन विभिन्न मार्केटिंग कम्पनियों के द्वारा किया जाता है। हमारी कम्पनी में ठगी के लिए सैकडों की संख्या में बैंक खाते किराये पर लिए जाते हैं व कूटरचित दस्तावेजों के माध्यम से खोले जाते है जिनमे ठगी का रूपया आता है। संजीव कुमार उपरोक्त द्वारा अभय द्वारा बतायी गयी बातों का समर्थन करते हुए बताया गया कि मैने भी अपने नाम से अभय के कहने पर कम्पनी बनायी है जिसके माध्यम से भी सैकडों सिम पोर्ट कराकर दुबई भेजे गये हैं। अभियुक्तों से बरामद इलेक्ट्रानिक उपकरणों का फारेंसिक परीक्षण कराया जायेगा।

उपरोक्त गिरफ्तार अभियुक्तों को थाना विभूतिखण्ड कमिश्नरेट लखनऊ में मु0अ0स0 149 / 2024 धारा 34 / 406 / 411 / 409 / 419 / 420 / 467 / 468 / 471 भादवि व 66डी आईटी एक्ट का अभियोग पंजीकृत कराकर दाखिल किया गया है। अग्रेतर विधिक कार्यवाही स्थानीय पुलिस द्वारा की जा रही है।